Regarding construction of Railway terminal at Raigarh

श्री राधेश्याम राठिया (रायगढ़) : माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

महोदया, पूर्व प्रधान मंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के शासन काल में प्रथम बार हमारे माननीय नीतीश कुमार जी रेल मंत्री रहे । जब वे रेल मंत्री थे, तब रायगढ़ जिले में कोयला, चूना-पत्थर, डोलोमाइट एवं अन्य महत्वपूर्ण खनिज-सम्पदा की बहुतायत को देखते हुए उन्होंने रायगढ़ रेलवे स्टेशन के विस्तार की योजना के उद्देश्य से वर्ष 1998 में वहां रेल टर्मिनल की भूमि का शिलान्यास किया था, पर उसके बाद टर्मिनल निर्माण का कार्य ठंडे बस्ते में चला गया ।

रायगढ़ रेलवे स्टेशन द्वारा पिछले वर्ष 2023-24 में अर्जित आय में यात्री आरक्षण टिकट से करीब 19 करोड़ रुपये, अनारक्षित टिकट से लगभग 28 करोड़ रुपये, माल भाड़ा से करीब 46 करोड़ रुपये, पार्सल से लगभग 5 करोड़ रुपये शामिल हैं । बिलासपुर ज़ोन में यह कोरबा के साथ सबसे अधिक आय देने वाला शामिल है । आज वहां एनटीपीसी जैसे पावर सेक्टर द्वारा 24,000 मेगावाट बिजली उत्पादन होता है और वहां सैकड़ों फैक्ट्रियां होने के कारण पूरे भारत से वहां लोगों की आवाजाही बढ़ी है । इससे वहां लगातार यात्री टिकट में बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन बिलासपुर ज़ोन द्वारा इस तरफ किसी प्रकार का ध्यान न देने के कारण वहां के लोग उपेक्षित और ठगा महसूस करते हैं । महोदया, मैं माननीय रेल मंत्री महोदय से रायगढ़ जिले के वासियों के लिए वहां एक टर्मिनल बनाने का अनुरोध करता हूं ।